4. ईसी ने देश के लिए एक दोहरे जीएसटी माड्यूल का प्रस्ताव किया। इस दोहरे जीएसटी माड्यूल को केन्द्र ने स्वीकार किया। इस माडल के अन्तर्गत जीएसटी में दो घटक यथा केन्द्र द्वारा लगाया एवं संग्रहीत किया जाने वाला केन्द्रीय जीएसटी एवं राज्यों द्वारा लगाया एवं संग्रहीत किया जाने वाला राज्य जीएसटी था।

1. राज्यों एवं संघ क्षेत्रों द्वारा बिक्री कर के एक समान नियत दर के कार्यान्वयन की निगरानी, बिक्री कर आधारित प्रोत्साहन योजना को हटाने की निगरानी, राज्यों को वैट की ओर पदांतरण हेतु लक्ष्य एवं पद्धति का निर्णय एवं देश में विद्यमान केन्द्रीय बिक्री कर प्रणाली में सुधार की निगरानी के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, उत्तर प्रदेश, गुजरात, दिल्ली एवं मेघालय के माननीय राज्य वित्त मंत्रियों को सदस्य के रूप में नामित कर राज्य वित्त मंत्रियों की अधिकार प्राप्त समिति (ईसी) 17 जुलाई, 2000 को गठित की गई। तदनन्तर, आसाम, तमिलनाडु, जम्मू एवं कश्मीर, झारखण्ड एवं राजस्थान के माननीय राज्य वित्त मंत्रियों को भी अधिकार प्राप्त समिति के सदस्यों के रूप में अधिसूचित किया गया। 12 अगस्त, 2004 को भारत सरकार ने सभी राज्यों के माननीय राज्य वित्त/कराधान मंत्रियों को इसके सदस्यों के रूप में नामित कर अधिकार प्राप्त समिति को पुनर्गठित किया।
2. इस निकाय को बाद में सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम (1860 का XXI) के अधीन एक सोसाइटी के रूप में पंजीकृत किया गया। पंजीकरण प्रमाणपत्र 17 अगस्त, 2004 को जारी किया गया। वर्तमान में डा. असीम के. दासगुप्ता, माननीय वित्त मंत्री, पश्चिम बंगाल सरकार अधिकार प्राप्त समिति के अध्यक्ष हैं और विधानसभा, अपर सचिव (राजस्व), भारत सरकार तथा सदस्य सचिव, अधिकार प्राप्त समिति सहित सभी राज्य सरकारों, संघ क्षेत्रों के वित्त/कराधान के प्रभारी सभी मंत्री अधिकार प्राप्त समिति के सदस्य हैं। अधिकार प्राप्त समिति का कार्यालय दिल्ली सचिवालय, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली में है जहां राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार ने आवास एवं अन्य सुविधाएं प्रदान की है। सोसाइटी को अपने प्रशासनिक व्यय को पूरा करने तथा विभिन्न अन्य गतिविधियां चलाने के लिए राज्य सरकारों तथा भारत सरकार से अंशदान प्राप्त हो रहे हैं।
3. हाल ही में, ईसी को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से तेरहवें वित्त आयोग ने ईसी को 30 करोड़ रू. अनदु◌ान देने की सिफारिश की ताकि वे जीएसटी संबंधी अनुसंधान कार्य जारी रख सकें और क्षमता संवर्धन कर सकें। तदनुसार इस प्रयोजनार्थ एक संग्रह बनाने के लिए ईसी को 30 करोड़ की राशि जारी की गई।

प्रस्तावना (केन्द्रीय बिक्री कर)

1. संविधान (छठा संशोधन) अधिनियम, 1956 के माध्यम से संविधान में कतिपय संशोधन किए गए जिससे:-

क. अन्तर-राज्यीय व्यापार अथवा वाणिज्य में वस्तुओं की खरीद या बिक्री पर कर को स्पष्ट रूप से संसद के वैधानिक अधिकार-क्षेत्र के दायरे के अधीन लाया गया है;

ख. जहां अन्तर-राज्यीय व्यापार अथवा वाणिज्य में वस्तु विशेष महत्व का है वहां राज्यों के भीतर वस्तुओं की खरीद अथवा बिक्री पर कर लगाने के संबंध में राज्य विधानसभाओं की शक्तियों पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

2. इस संशोधन ने अन्तर-राज्यीय व्यापार अथवा वाणिज्य के दौरान या किसी राज्य के बाहर निर्यात अथवा आयात के दौरान कोई खरीद अथवा बिक्री के समय निर्धारण करने के लिए नियम बनाने हेतु भी संसद को अधिकृत किया है।

3. तदनुसार केन्द्रीय बिक्री कर (सीएसटी) अधिनियम, 1956 बनाया गया जो 05.01.1957 को प्रभावी हुआ। आरंभ में सीएसटी की दर 1 प्रतिशत थी जिसे बढ़ाकर पहले 2 प्रतिशत, उसके बाद 3 प्रतिशत और 1 जुलाई, 1975 से 4 प्रतिशत किया गया। सीएसटी अधिनियम, 1956 में अन्तर-राज्यीय व्यापार अथवा वाणिज्य में कुछ वस्तुओं को विशेष महत्व का वस्तु घोषित करने तथा ऐसे वस्तुओं के कराधान पर प्रतिबंध लगाने की व्यवस्था है। सीएसटी लगाने से प्राप्त होने वाला पूरा राजस्व जिस राज्य में बिक्री होती है उस राज्य द्वारा संग्रहीत व रखा जाता है। अधिनियम में आयात व निर्यात का कराधान शामिल नहीं है।

4. सीएसटी के उद्गम आधारित कर होने के कारण यह मूल्य वर्धित कर से भिन्न है जो स्वाभाविक इनपुट कर क्रेडिट प्रतिदाय के साथ गंतव्य आधारित कर है। पंजीकृत विक्रेताओं के मध्य अन्तर-राज्यीय बिक्री के लिए केन्द्रीय बिक्री कर की दर 1 अप्रैल, 2007 से 4 प्रतिशत से कम करके 3 प्रतिशत करने के लिए केन्द्रीय बिक्री कर अधिनियम में एक संशोधन किया गया। इस संशोधन के माध्यम से सरकारी विभागों से फार्म-डी प्रस्तुत करके रियायती सीएसटी दर पर अन्तर-राज्यीय खरीद की सुविधा वापस ले लिया गया। संशोधन के पश्चात सरकार के लिए अन्तर-राज्यीय बिक्री पर सीएसटी की दर वैट/राज्य बिक्री कर दर के समान होगी।

5. केन्द्रीय बिक्री कर की दर को 1 जून, 2008 से 3 प्रतिशत से और कम करके 2 प्रतिशत किया गया। सीएसटी की दर पहले 4 प्रतिशत से कम करके 3 प्रतिशत और उसके बाद 3 प्रतिशत से कम करके 2 प्रतिशत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के प्रारंभ के पूर्ववर्ती के रूप में किया गया क्योंकि सीएसटी, जीएसटी की अवधारणा और डिजाइन से भिन्न था।

फा. सं. 34/67/2007-एसटी

भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 19 जुलाई, 2008

सेवा में,

संबंधित राज्य/संघ क्षेत्र सरकारों,

वित्त/कराधन विभागों के सचिव।

<u>विषय: मूल्य वर्धित कर (वैट) के प्रस्तुतीकरण के कारण राजस्व हानि के मामले में राज्यों/संघ क्षेत्रों को क्षतिपूर्ति।</u>

महोदय/महोदया,

मुझे उपर्युक्त विषय पर इस विभाग के पूर्व अनुदेशों, जो पत्र फा. सं. 21/1/2004-एसटी (भाग।।), दिनांक 3 फरवरी, 2005, फा. सं. 34/67/2005-एसटी, दिनांक 1 जून, 2005 तथा फा. सं. 34/114/2004-एसटी(भाग।), दिनांक 20 जून, 2005 के तहत भेजे गए थे, का उल्लेख करने और यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्यों/संघ क्षेत्रों द्वारा अभिव्यक्त कठिनाइयों के आलोक में मामले पर विचार किया गया और ध्यान पूर्वक जांच के पश्चात सभी पूर्व अनुदेशों के अधिक्रमण में इस विषय पर निम्नलिखित संशोधित समेकित अनुदेशों को जारी करने का निर्णय लिया गया है:

<u>वैट के प्रस्तुतीकरण के कारण राज्यों को भुगतान की जाने वाली क्षतिपूर्ति तथा राजस्व हानि की गणना का तौर-तरीका</u>

2. वैट के प्रस्तुतीकरण के कारण राज्यों को भुगतान की जाने वाली क्षतिपूर्ति तथा राजस्व हानि की गणना के लिए विस्तृत तरीका निम्नवत होगा:

(क) परिकलन के प्रयोजनार्थ वर्ष 2005-06 को आधार वर्ष के रूप में अपनाया जाएगा।

(ख) इस प्रयोजनार्थ ध्यान में रखे जाने वाले कर राजस्व में सामान्य बिक्री कर के साथ-साथ अन्य राज्य कर, जैसे क्रय कर, प्रवेशकर (स्थानीय चुंगी के बदले में प्रवेश कर के अतिरिक्त), टर्नओवर कर के साथ-साथ इनमें से किसी कर पर अधिभार जिसे वैट में सम्मिलित किया जाना है, का प्रतिदाय राजस्व का मूल्य शामिल है। तथापि, इन करों से राजस्व को वैट में शामिल किए जाने वाली सीमा तक और इनको शामिल किए जाने की तारीख से ही ध्यान में रखा जाएगा। तदनुसार, यह स्पष्ट किया जाता है कि वस्तुओं जैसे पेट्रोल, डीजल, एटीएफ, शराब, लाटरी टिकट मदों, जिसे वैट से बाहर रखा गया है और जो 20 प्रतिशत कर के न्यूनतम नियत दर के अधीन है, से कर राजस्व को गणना में शामिल नहीं किया जाएगा क्योंकि इन मदों पर कर (चाहे सामान्य बिक्री कर कानून या किसी अन्य कानून के अन्तर्गत हो) को वैट में शामिल नहीं किया गया है। इसी प्रकार विलासिता कर के मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय ने निर्णय दिया है कि "वस्तुओं पर विलासिता कर" लगाना राज्यों के वैधानिक सामर्थ्य से बाहर है और इसलिए "वस्तुओं पर विलासिता कर" से कर राजस्व को

परिकलन से बाहर रखा जाना चाहिए क्योंकि ऐसे कर को वैट में शामिल करने का प्रश्न नहीं उठता।

ग) वर्ष 2005-06 से आगे के लिए प्रस्तावित राजस्व की गणना के प्रयोजनार्थ कर राजस्व की औसत वृद्धि दर की गणना के लिए 1999-2000 से 2004-05 की अवधि के कर राजस्व को ध्यान में रखा जाएगा। वर्ष 1999-2000 पर वर्ष 2000-01 के लिए वृद्धि दर से शुरू करके प्रत्येक वर्ष के लिए वार्षिक वृद्धि दर निकाला जाएगा। उसके बाद 3 सर्वश्रेष्ठ वृद्धि दर को चुना जाएगा और औसत वार्षिक वृद्धि दर निकालने के लिए इन तीन वृद्धि दरों के सामान्य अंकगणितीय औसत को लिया जाएगा। तथापि, तीन नए गठित राज्यों अर्थात उत्तरांचल, छत्तीसगढ़ और झारखण्ड और उनके संबंधित मूल राज्यों अर्थात उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बिहार के भी मामलों में वृद्धि दर की गणना के लिए संगत अवधि 2001-02 से 2004-05 होगी क्योंकि नए गठित राज्य 1 नवम्बर, 2000 को अस्तित्व में आए। इन परिकलनों के प्रयोजनार्थ शुरूआत में वर्ष 2003-04 तक के लिए एजी प्रमाणित आंकड़े तथा वर्ष 2004-05 के लिए संबंधित राज्य के वित्त सचिव द्वारा प्रमाणित आंकड़ों को लिया जाएगा और 2004-05 के लिए एजी प्रमाणित आंकड़ों की प्राप्ति पर नियत समयावधि में आवश्यक समायोजन किया जाएगा।

घ) आधार वर्ष पर आधारित निवल राजस्व तथा उपरोक्त परिकलित औसत वार्षिक वृद्धि दर के आधार पर वर्ष 2005-06, 2006-07 तथा 2007-08 के लिए प्रस्तावित राजस्व की गणना की जाएगी। ऐसे प्रस्तावित राजस्व तथा वास्तविक राजस्व के बीच का अंतर वैट के प्रस्तुतीकरण के कारण हुई हानि होगी जिसके लिए राज्यों को 2005-06 के दौरान ऐसी हानि के 100 प्रतिशत 2006-07 के दौरान हानि के 75 प्रतिशत तथा 2007-08 के दौरान हानि के 50 प्रतिशत की दर से क्षतिपूर्ति का भुगतान किया जाएगा।

ङ) राज्यों को क्षतिपूर्ति का भुगतान सहायता अनुदान के रूप में मासिक आधार पर किया जाएगा। इस प्रयोजनार्थ संचयी आधार पर प्रस्तावित निवल राजस्व सदृश अवधि के दौरान 2004-06 के दौरान वास्तविक राजस्व के आधार पर वर्ष 2005-06 तथा अनुवर्ती वर्षों के दौरान प्रत्येक माह के अंत तक तथा औसत वार्षिक वृद्धि दर का प्रयोग करते हुए निकाला जाएगा। ऐसे प्रस्तावित संचयी राजस्व की तुलना प्रत्येक माह के अंत में वास्तविक संचयी राजस्व के साथ की जाएगी। यदि उसमें निवल संचयी हानि है तो उसकी क्षतिपूर्ति की जाएगी।

च) क्षतिपूर्ति का भुगतान अधिकार प्राप्त समिति (ईसी) द्वारा अंतिम रूप दिए गए वैट के डिजाइन (अभिसरण मापदण्ड सहित) का पालन करने वाले राज्यों पर निर्भर होगा। इस प्रयोजनार्थ संदर्भ तिथि संघ सरकार द्वारा क्षतिपूर्ति पैकेज के अनुमोदन की तारीख अर्थात 27 जनवरी, 2005 होगी। इसलिए, यह पैकेज ईसी द्वारा 27 जनवरी, 2005 तक लिए गए निर्णयों को शामिल करेगा जैसा कि खाद्यान्न तथा चाय के संबंध में है।

3. उपर्युक्त परिकलन को सुसाध्य बनाने के उद्देश्य से राज्य/संघ क्षेत्र संलग्न प्रोफोर्मा-I, II एवं III में अपेक्षित सूचना प्रस्तुत करेंगे।

स्वीकृत वैट डिजाइन से विचलन का प्रबंध:

4. यदि कोई राज्य उपर्युक्त पैरा 2(च) में यथा उल्लिखित स्वीकृत डिजाइन से कुछ विचलन करता है तो ऐसे विचलन के कारण हुई राजस्व हानि को क्षतिपूर्ति पैकेज में शामिल नहीं किया जाएगा और राज्यों/संघ क्षेत्रों को भुगतान किए जाने वाले क्षतिपूर्ति की राशि में समुचित समायोजन किया जाएगा। तथापि, यह निम्नलिखित अपवादों/स्पष्टीकरणों के अधीन होगा:

(क) औद्योगिक/कृषि आगमों पर 4 प्रतिशत के हिसाब से कर लगाया जा सकता है, यद्यपि यदि उनको पहले गलती से 12.5 प्रतिशत पर रखा गया है। एक निर्देश नियम के रूप में जब तक कम से कम 50 प्रतिशत सामग्रियों को आगमों के रूप में उपयोग किया जाएगा उस पर 4 प्रतिशत की दर से कर लगाया जा सकता है।

(ख) नमक तथा खड़ी की दरों में ईसी द्वारा स्वीकृत परिवर्तनों को स्वीकार कर लिया गया है।

(ग) राज्य/संघ क्षेत्र सीएसडी कैंटीनों को वैट के भुगतान से छूट दे सकते है।

(घ) ईसी द्वारा पहले ही यथा निर्धारित छोटे व्यापारियों के लिए सीमा रेखा के संबंध में यदि राज्य/संघ क्षेत्र 5 लाख रूपए की सम्मत राशि से अधिक सीमा रेखा नियत करते हैं तो उसकी वजह से होने वाली राजस्व हानि संबंधित राज्य/संघ क्षेत्र द्वारा वहन किया जाएगा।

5. वैट दरों में विचलन के कारण राजस्व हानि के परिकलन को सरल बनाने के उद्देश्य से राज्य/संघ क्षेत्र उन सामग्रियों/मदों जहां स्वीकृत वैट दरों से विचलन हुआ है, को शामिल करते हुए

संलग्न प्रोफार्मा-IV सूचना प्रस्तुत करेंगे। विचलन के कारण किसी मद के पूरी तरह से वैट मुक्त होने के मामले में प्रोफार्मा के कालम 5 एवं 6 में उस समय प्रचलित बिक्री कर की दर से संबंधित सूचना सहित वर्ष 2004-05 (बिक्री कर पद्धति के अन्तर्गत) के लिए कर संग्रहण के आंकड़े प्रस्तुत किए जाएंगे। तथापि, यदि वह मद पहले भी छूट प्राप्त थी तो राज्य संभावित राजस्व हानि का अपना आंकलन दे सकते हैं। इसी प्रकार, जहां विचलन वैट दरों के अलावा अन्य मापदंडों के संबंध में है तो राज्य ऐसे विचलन के कारण राजस्व हानि का एक आंकलन प्रस्तुत करेंगे।

क्षतिपूर्ति दावा प्रस्तुत करने तथा निपटारे की प्रक्रिया:

6. संशोधित प्रक्रिया निम्नवत होगी:

(क) राज्य/संघ क्षेत्र राज्य के वित्त सचिव द्वारा प्रमाणित राजस्व संग्रहण के अस्थाई आंकड़े सहित क्षतिपूर्ति का दावा प्रत्येक माह इस विभाग को भेजेंगे (संबंधित राज्य/संघ क्षेत्र के एजी को एक प्रतिलिपि सहित)। राज्य के वित्त सचिव उपर्युक्त पैरा 4 एवं 5 में यथा उल्लिखित विचलन के कारण किए जाने वाले राजस्व समायोजन पर भी सूचना भेजेंगे। इस सूचना को प्रस्तुत करने पर राज्यों को तदर्थ क्षतिपूर्ति जारी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, किसी राज्य/संघ क्षेत्र द्वारा वास्तविक कठिनाईयों के कारण विचलन पर सूचना प्रस्तुत करने में देरी होने के मामले में राज्य/संघ क्षेत्र द्वारा तीन माह की अवधि के भीतर लंबित सूचना प्रस्तुत करने का आश्वासन देने की शर्त पर भी तदर्थ क्षतिपूर्ति जारी करने पर विचार किया जा सकता है।

(ख) संबंधित राज्य के एजी, अपेक्षित आंकड़े एजी के कार्यालय में उपलब्ध कराने पर नियत अवधि में कुल राजस्व संग्रहण के संबंध में राज्य/संघ क्षेत्र के वित्त सचिव द्वारा प्रस्तुत आंकडों को पृथक रूप से सत्यापित करेंगे और आंकड़ों में भिन्नता, यदि कोई हो, के बारे में इस विभाग को सूचना देंगे। एजी से ऐसा परामर्श प्राप्त होने पर अगले माह भुगतान किए जाने वाले क्षतिपूर्ति की राशि में उपयुक्त समायोजन किया जाएगा। इस तथ्य को धयान में रखते हुए यहां पर यह स्पष्ट किया जाता है कि महा-लेखाकार (एजी) केवल कुल कर संग्रहण के आंकड़े रखते हैं न कि वस्तु-वार आंकड़े, तो जहां भी वस्तु-वार आंकड़े प्रस्तुत किया जाना है वहां पर एजी प्रमाणीकरण अपेक्षित नहीं होगा। यह वैट (और जो कर की न्यूनतम 20 प्रतिशत की दर के अधीन है) से बाहर वस्तुओं की मदों के संबंध में सूचना सहित विचलन से संबंधित सूचना पर भी लागू होगा।

(ग) यदि कही पर एजी कार्यालय तथा राज्य सरकार के बीच असहमति होती है तो मामले को इस विभाग के नोटिस में लाया जाए और इसे वैट पर भारत सरकार द्वारा सचिव, व्यय की अध्यक्षता में गठित समिति के समक्ष रखा जाएगा और ऐसे मामलों में समिति की सलाह से समुचित अनुवर्ती कार्रवाई की जाएगी।

4. इसके अतिरिक्त मुझे आपसे तदनुसार आवश्यक अनुवर्ती कार्रवाई करने का अनुरोध करने का निदेश हुआ है।

धन्यवाद सहित।

भवदीय,

(एल. के. गुप्ता)
निदेशक (एसटी)
दूरभाष: 011-23092878

प्रतिलिपि: अंग्रेजी पाठानुसार प्रेषित।

<u>प्रोफार्मा-I</u>

<u>वास्तविक राजस्व का परिकलन (प्रतिदाय का निवल)</u>

राज्य/संघ क्षेत्र का नाम

(करोड़ रू.)

क्र.	कर का मद	1999-00	2000-01	2001-02	2002-03	2003-04	2004-05	कर को वैट में शामिल करने की

सं.								तारीख (क्र. स. 2 से 6 के लिए)
1	राज्य/सामान्य बिक्री कर: क) कुल कर राजस्व ख) वैट से बाहर के मदों से कर राजस्व ग) निवल कर राजस्व (क-ख)							
2	क्रय कर							
3	प्रवेश कर (चुंगी के बदले नहीं)							
4	टर्नओवर कर							
5	अधिभार							
6	वैट में शामिल किए जाने वाले अन्य संबंधित कर							
	कुल							

टिप्पणी:

1. केन्द्रीय बिक्री कर को गणना में शामिल नहीं किया जाएगा क्योंकि पैकेज में केवल राज्य बिक्री कर शामिल है।
2. क्र. स. 1 के मामले में गणना के प्रयोजनार्थ केवल "निवल कर राजस्व" को ध्यान में रखा जाएगा। एजी प्रमाणपत्र केवल "कुल कर राजस्व" के लिए प्रस्तुत किया जाए। "वैट से बाहर के मदों से कर राजस्व" के मामले में राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत सूचना ही पर्याप्त होगी।

प्रमाणपत्र:

प्रमाणित किया जाता है कि 2003-04 तक के आंकड़े राज्य के महा-लेखाकार द्वारा प्रमाणित हैं। महा-लेखाकार का मूल प्रमाणपत्र संलग्न है। 2004-05 के आंकड़े राज्य/संघ क्षेत्र सरकार के लेखा रिकार्डो के अनुसार हैं और मेरी पूर्ण जानकारी के अनुसार सत्य है। 2004-05 के लिए एजी प्रमाणित आंकड़े नियत समय में प्रस्तुत किए जाएंगे।

वित्त सचिव

प्रोफार्मा-II

कुल कर राजस्व के औसत वार्षिक वृद्धि दर का परिकलन

राज्य/संघ क्षेत्र का नाम

(करोड़ रू.)

वर्ष	कुल कर राजस्व	वार्षिक वृद्धि दर का परिकलन		राज्य द्वारा चुने गए 3 वर्ष (कपया उल्लेख करें	चुनिंदा 3 वर्षों की औसत वार्षिक वृद्धि दर
		वर्ष	वृद्धि दर		
1	2	3	4	5	6
1999-00					
2000-01		2001-02/ 1999-00			
2001-02		2001-02/			

		2000-01			
2002-03		2002-03/ 2001-02			
2003-04		2003-04/ 2002-03			
2004-05		2004-05/ 2003-04			

टिप्पणी:

1. कालम 2 में केवल उन करों के कुल कर राजस्व, जो वास्तव में वैट में शामिल किए गए हैं, को ध्यान में रखा जाएगा।
2. कालम 6 में औसत वार्षिक वृद्धि दर कालम 5 में राज्यों द्वारा चुने/उल्लेख किए गए 3 सर्वश्रेष्ठ वर्षों के वार्षिक वृद्धि दरों का सरल अंकगणितीय औसत होगा।

प्रोफार्मा-III

प्रस्तावित कुल कर राजस्व, वास्तविक कर राजस्व तथा क्षतिपूर्ति की जाने वाली हानि का परिकलन

राज्य/संघ क्षेत्र का नाम

वर्ष: 2005-06,/2006-07/2007-08

(करोड़ रू.)

माह	2004-05 के दौरान कुल कर राजस्व	2005-06,/2006-07/2007-08 के दौरान प्रस्तावित कर राजस्व (माह तक	2005-06,/2006-07/2007-08 के दौरान वास्तविक कर राजस्व (माह तक संचयी)	2005-06,/2006-07/2007-08 के दौरान हानि (माह तक संचयी)	भुगतान की ज क्षतिपूर्ति की र का 100%, 50%, यथा ल

			संचयी)							
	माह के दौरान	माह तक संचयी		कुल कर राजस्व	वैट से बाहर के मदों से कर राजस्व	सीएसटी से समायोजित वैट के अन्तर्गत आईटीसी, यदि कोई हो	कुल निवल राजस्व		माह तक देय कुल क्षतिपूर्ति	पिछ माह तक भुगत की क्षति ि
1	2	3	4	5	6	7	8 (5-6-7)	9	10	11
अप्रैल										
मई										
जून										
जुलाई										
अगस्त										
सितम्बर										
अक्टूबर										
नवम्बर										
दिसम्बर										
जनवरी										
फरवरी										
मार्च										

टिप्पणी: वास्तविक कर राजस्व (कालम 5 से 8) के संबंध में यह नोट किया जाए कि एजी सामंजस्य केवल कालम 5 में दिखाए गए "कुल कर राजस्व" के संबंध में आवश्यक है। कालम 6 तथा 7 में सूचना के संबंध में राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना पर्याप्त होगी। क्षतिपूर्ति कालम 8 में "निवलकर राजस्व" पर आधारित होगी। कालम 7 में व्यापारी द्वारा सीएसटी में समायोजित वैट इनपुट कर क्रेडिट, यदि कोई हो, के संबंध में सूचना दी जाए।

प्रमाणपत्र

प्रमाणित किया जाता है कि वैट डिजाइन (अभिसरण मापदण्ड सहित), प्रोफार्मा IV में बताए गए विचलन के अधीन, अधिकार प्राप्त समिति द्वारा यथा परिपूर्ण, का पूरी तरह से पालन किया गया है।

वित्त सचिव

प्रोफार्मा-IV

विचलन पर सूचना

वर्ष:

क्र. सं.	मद/सामग्री	वैट दर		मद/सामग्री से कर संग्रहण	
		ईसी द्वारा यथा अनुमोदित (वास्तविक रूप से)	राज्यों/संघ क्षेत्रों द्वारा यथा अंगीकृत	..... माह के दौरान	वर्ष के दौरान संचयी
1	2	3	4	5	6

टिप्पणी:

1. कालम 3 में उल्लिखित वैट दर क्षतिपूर्ति पैकेज को अंतिम रूप देते समय ईसी द्वारा वास्तविक रूप से अनुमोदित वैट दर होना चाहिए न कि ईसी द्वारा निर्धारित संशोधित वैट दर।
2. यदि राज्य/संघ क्षेत्र वस्तुओं की बहुत छोटी मदों (शामिल राजस्व के रूप में) के संबंध में वास्तविक कर संग्रहण को एकत्रित एवं प्रस्तुत करने में कठिनाई महसूस करते है तो ऐसे

राज्य/संघ क्षेत्र एनएसएस डाटा अथवा किसी अन्य समुचित आधार पर राजस्व हानि के अपने मूल्यांकन के आधार पर सूचना प्रस्तुत कर सकते हैं।

फा. सं. 28/4/2007-एसटी
भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 22 अगस्त, 2008

सेवा में,

सभी राज्य/संघ क्षेत्र सरकारों,

वित्त/कराधन विभागों के सचिव।

विषय: केन्द्रीय बिक्री कर (सीएसटी) हटाने के कारण राज्यों/संघ क्षेत्रों को हुई राजस्व हानि के लिए क्षतिपूर्ति।

महोदय/महोदया,

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि तीन वर्षों की अवधि अर्थात 31.3.2010 तक सीएसटी को हटाने के लिए केन्द्र तथा राज्य सरकारों के मध्य एक सर्वसम्मति बनी है। इस सर्वसम्मति के भाग के रूप में सीएसटी की दर 1.4.2007 से 4 प्रतिशत से घटाकर 3 प्रतिशत तथा 1.6.2008 से 3 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत किया गया है। 1.4.2007 से सीएसटी दर 4 प्रतिशत से घटाकर 3 प्रतिशत करने के कारण सीएसटी राजस्व हानि की क्षतिपूर्ति के लिए पूर्व दिशानिर्देश फा. सं. 28/4/2007-एसटी दिनांक 10 अक्टूबर, 2007 के तहत जारी किया गया था। अब, उक्त पूर्व दिशानिर्देशों के अधिक्रमण में इन समेकित दिशानिर्देशों को जारी करने का निर्णय लिया गया है जिसमें सीएसटी की दर को 4 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत करने के कारण राज्यों/संघ क्षेत्रों को हुई सीएसटी राजस्व हानि को निम्नलिखित उपायों के माध्यम से क्षतिपूर्ति करने की व्यवस्था है:

क) फार्म-डी की प्रस्तुति से सरकारी विभागों को अन्तर-राज्यीय बिक्री पर रियायती सीएसटी दर के लाभ को वापस लेना।

ख) राज्यों को तम्बाकू पर 12.5 प्रतिशत की दर से वैट लगाने के लिए सक्षम बनाना।

ग) वर्तमान में कर के अधीन 33 सेवाओं का राजस्व तथा 44 नई सेवाएं (जब भी कर लगाया जाएगा) राज्यों को हस्तांतरित करना।

घ) यदि (क), (ख) एवं (ग) में उल्लिखित उपाय राजस्व हानि की पूरी भरपाई नहीं करते तो 2007-08, 2008-09 तथा 2009-10 के दौरान बजटीय सहयता।

2. उपरोक्त प्रस्तावों को लागू करने के उद्देश्य से कराधान कानून (संशोधन), अधिनियम, 2007, जिसे 1.4.2007 से प्रभावी बनाया गया है, के अधिनियमन के माध्यम से आवश्यक वैधानिक उपाय किए गए हैं।

केन्द्रीय बिक्री कर (सीएसटी) को हटाने के कारण राज्यों को भुगतान की जाने वाली क्षतिपूर्ति तथा राजस्व हानि की गणना का तौर-तरीका:

3. केन्द्रीय बिक्री कर (सीएसटी) को हटाने के कारण राज्यों को भुगतान की जाने वाली क्षतिपूर्ति तथा राजस्व हानि की गणना का विस्तृत तरीका निम्नवत होगा:

3.1 सीएसटी हटाने के कारण हुई राजस्व हानि का मूल्यांकन:

सीएसटी हटाने के कारण हुई राजस्व हानि के मूल्यांकन की विधि निम्नवत होगी:

क) राजस्व हानि के मूल्यांकन के प्रयोजनार्थ वर्ष 2006-07 के दौरान वास्तविक सीएसटी राजस्व को संगणना के आधार के रूप में लिया जाएगा। 2006-07 के दौरान सीएसटी राजस्व राज्य/संघ क्षेत्र द्वारा उपलब्ध कराए गए ए.जी. प्रमाणित आंकड़ो के आधार पर लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, यदि किसी राज्य/संघ क्षेत्र ने सीएसटी राजस्व से वैट इनपुट कर क्रेडिट (आईटीसी) अथवा कोई अन्य क्रेडिट के समायोजन की अनुमति की प्रथा को अपनाया है जिससे सीएसटी राजस्व की कम बयानी हुई है, तो कुल वास्तविक सीएसटी राजस्व पर पहुंचने हेतु एजी प्रमाणित सीएसटी राजस्व आंकड़ो में आवश्यक समायोजन किया जाएगा।

ख) वर्ष 2007-08, 2008-09 तथा 2009-10 के लिए सीएसटी राजस्व परियोजना के प्रयोजनार्थ अपनाई जाने वाली वृद्धि दर 2003-04 से 2006-07 की अवधि के लिए कुल सीएसटी राजस्व की संयोजित वार्षिक वद्धि दर (सीएजीआर) होगी। 2007-08 तथा अनुवर्ती वर्षों के लिए प्रस्तावित सीएसटी राजस्व आधार वर्ष अर्थात 2006-07 के दौरान कुल सीएसटी राजस्व में सीएजीआर का प्रयोग करते हुए निकाला जाएगा।

ग) 2007-08, 2008-09 तथा 2009-10 के दौरान वास्तविक सीएसटी राजस्व पहले राज्य/संघ क्षेत्र द्वारा उपलब्ध कराए गए अस्थाई आंकड़ों के आधार पर किन्तु उत्तरकालीन चरण में एजी द्वारा प्रमाणीकरण के अधीन लिया जाएगा। राज्य द्वारा पूरे वर्ष के लिए प्रमाणपत्र आगामी वर्ष के 30 जून से पूर्व प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, उपरोक्त (क) के मामले के अनुसार वैट इनपुट कर क्रेडिट अथवा सीएसटी दायित्व से मांग किए गए किसी अन्य क्रेडिट के संबंध में आवश्यक समायोजन किया जाएगा।

घ) उपर्युक्त (ग) के अन्तर्गत यथा परिकलित वास्तविक सीएसटी राजस्व की संगत अवधि के दौरान क्षतिपूर्ति किए जाने वाले सीएसटी हानि का आंकड़ा प्राप्त करने के लिए उपर्युक्त (ख) के अन्तर्गत यथा परिकलित प्रस्तावित सीएसटी राजस्व के साथ तुलना की जाएगी।

ङ) उपर्युक्त (घ) पर संगणित सीएसटी हानि को क्षतिपूर्ति भुगतान किए गए अवधि में वास्तविक संग्रहण के आधार पर "आनुपातिक हानि" तक सीमित किया जाएगा। उस अवधि के दौरान संरक्षित किए जाने वाले आनुपातिक सीएसटी राजस्व की गणना अनुमानित राशि, जो संग्रहीत किया जाता, यदि कर दर 4 प्रतिशत की दर से जारी रहता, वास्तविक कम कर दर पर उस अवधि में संग्रहीत वास्तविक सीएसटी राजस्व के बहिर्वेशन द्वारा की जाएगी। इस प्रकार परिकलित अनुमानित सीएसटी राजस्व तथा विचाराधीन अवधि के लिए वास्तविक सीएसटी राजस्व के बीच का अंतर अनुमानित हानि होगा।

च) पूरे वर्ष के लिए एजी प्रमाणित आंकड़ों के आधार पर 2006-07 के लिए देय राशि 2006-07 के लिए पूर्व में जारी किसी राशि, यदि कोई हो, के समायोजन के पश्चात भुगतान किया जाएगा।

3.2 सीएसटी राजस्व हानि के लिए क्षतिपूर्ति:

क्षतिपूर्ति पैकेज में गैर-वित्तीय उपायों तथा बजटीय सहायता से अतिरिक्त राजस्व शामिल होगा। सीएसटी 4 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत करने से संबंधित पैकेज में निम्नलिखित शामिल होगा:

क) तम्बाकू पर वैट/बिक्री कर: राज्य/संघ क्षेत्र तम्बाकू पर 12.5 प्रतिशत की दर से वैट/बिक्री कर लगाएंगे। प्रत्येक राज्य/संघ क्षेत्र द्वारा तम्बाकू से संग्रहीत वास्तविक राजस्व को गणना में लिया जाएगा। यदि किसी राज्य/संघ क्षेत्र ने तम्बाकू पर वैट/बिक्री कर नही लगाया है अथवा 12.5 प्रतिशत से कम दर नियत किया है तो इसे विचलन के रूप में लिया जाएगा और राजस्व परित्याग मानदंड आधार पर निर्धारित किया जाएगा।

ख) फार्म-डी की समाप्ति: सरकारी विभागों को फार्म-डी से 4 प्रतिशत की रियायती सीएसटी दर पर अन्तर-राज्यीय खरीद करने के लिए विशेष रियायत वापस माना जाएगा और ऐसी वापसी के कारण होने वाले अतिरिक्त राजस्व को गणना में लिया जाएगा। सहमति के अनुसार वर्ष 2007-08 के लिए इस उपाय से प्राप्त कुल राजस्व 1,500 करोड़ पर रखा जाएगा और 2006-07 के दौरान राज्यों के सीएसटी राजस्व के अनुपात में उनके मध्य विभाजित किया जाएगा। प्रत्येक राज्य/संघ क्षेत्र के लिए इस प्रकार निकाली गई राशि इस उपाय से 2007-08 के दौरान ऐसे राज्य/संघ क्षेत्र के लिए राजस्व लाभ के रूप में लिया जाएगा। वर्ष 2008-09 और 2009-10 के लिए राजस्व लाभ सीएसटी राजस्व के लिए स्वीकार्य वृद्धि दर का प्रयोग करते हुए निकाला जाएगा।

ग) वर्तमान में सेवा कर भुगतान के लिए उत्तरदायी अत:-राज्यीय प्रकृति की **33** सेवाओं से राजस्व का हस्तांतरण: केन्द्र सरकार कर लगाना व संग्रह करना जारी रखेगी किन्तु राजस्व देय नगद क्षतिपूर्ति के निमित्त राज्यों को हस्तांतरित किया जाएगा।

घ) इसके अतिरिक्त अत:-राज्यीय प्रकृति की **44** नई सेवाओं को सेवा कर लगाने के लिए चिन्हित किया गया है: केन्द्र अत:-राज्यीय प्रकृति के इन सेवाओं में से अधिक से अधिक सेवाओं पर सेवा कर लगाने का प्रयास करेगा। यदि इन सेवाओं पर सेवा कर लगाया जाएगा तो केन्द्र कर संग्रह करेगा किन्तु इन सेवाओं से होने वाला राजस्व देय नगद क्षतिपूर्ति के निमित्त राज्यों को हस्तांतरित करेगा।

ङ) यदि उपर्युक्त उपायों से 2007-08 तथा 2008-09 में हानियों के लिए राज्यों को पूरी तरह क्षतिपूर्ति नहीं होती तो केन्द्र सरकार भिन्नता की भरपाई के लिए बजटीय सहायता प्रदान

करेगा। उपरोक्त (ग) एवं (घ) के अन्तर्गत दी जाने वाली राशि भी, यदि कोई हो, केन्द्र सरकार के बजट से दिया जाएगा।

च) प्रत्येक वित्तीय वर्ष के 31 जनवरी तक की अवधि के लिए क्षतिपूर्ति वैट के कार्यान्वयन के कारण होने वाली राजस्व हानि के लिए जारी किए जा रहे क्षतिपूर्ति के तरीके से ही सहायता अनुदान के रूप में जारी किया जाएगा। गणना प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए संचयी आधार पर किया जाएगा। उदाहरार्थ, यदि कोई दावा सितम्बर, 2008 तक की अवधि को शामिल करते हुए अक्टूबर, 2008 में दाखिल किया गया है तो जारी की जाने वाली क्षतिपूर्ति अप्रैल-सितम्बर, 2008 के लिए राज्य जिस राशि का पात्र है उसमें से पूर्व में जारी राशि, यदि कोई हो, को कम करने के पश्चात प्राप्त होने वाली कुल राशि होगी। प्रत्येक वर्ष के फरवरी तथा मार्च के लिए क्षतिपूर्ति उस वर्ष के लिए एजी प्रमाणित आंकड़ा उपलब्ध करने के पश्चात ही भुगतान किया जाएगा। पूरे वर्ष के लिए एजी प्रमाणित आंकड़े पर आधारित देय राशि उस वर्ष के लिए पूर्व में जारी राशि के समायोजन के पश्चात भुगतान किया जाएगा।

छ) यदि एजी प्रमाणित आंकड़ों के आधार पर किसी राज्य/संघ क्षेत्र की कुल सीएसटी क्षतिपूर्ति पात्रता राज्य/संघ क्षेत्र को पूर्व में जारी तदर्थ सीएसटी प्रतिपूर्ति की राशि से कम/नीचे है तो अतिरिक्त अदायगी की राशि प्रक्रिया के अनुसार राज्य/संघ के खाते से सीधे डेबिट द्वारा वसूल किया जाएगा।

ज) यदि किसी राज्य/संघ क्षेत्र का सीएसटी दर 1.4.2007 से पूर्व सामान्य अथवा विशिष्ट सामग्रियों पर 3 प्रतिशत या उससे कम है तो 1.4.2007 से 31.5.2008 तक सीएसटी दर 4 प्रतिशत से कम करके 3 प्रतिशत करने पर ऐसे राज्य/संघ क्षेत्र को कोई क्षतिपूर्ति अदा नहीं किया जाएगा। इसी प्रकार, यदि किसी राज्य/संघ क्षेत्र द्वारा सामान्य अथवा विशिष्ट सामग्रियों पर सीएसटी दर 1.4.2007 के बाद और 1.6.2008 से पूर्व 3 प्रतिशत से कम किया गया है तो क्षतिपूर्ति 3 प्रतिशत सीएसटी दर के साथ देय राशि तक सीमित किया जाएगा।

झ) यदि किसी राज्य/संघ क्षेत्र का सीएसटी दर 1.6.2008 से पूर्व सामान्य अथवा विशिष्ट सामग्रियों पर 2 प्रतिशत या उससे कम है तो 1.6.2008 से सीएसटी दर 3 प्रतिशत से कम करके 2 प्रतिशत करने पर ऐसे राज्य/संघ क्षेत्र को कोई क्षतिपूर्ति अदा नहीं किया जाएगा। इसी प्रकार, यदि किसी राज्य/संघ क्षेत्र द्वारा सामान्य अथवा विशिष्ट सामग्रियों पर सीएसटी दर 1.6.2008 के बाद 2 प्रतिशत से कम किया जाना है तो क्षतिपूर्ति 2 प्रतिशत सीएसटी दर के साथ देय राशि तक सीमित किया जाएगा।

4. उपर्युक्त परिकलन को सुगम बनाने के उद्देश्य से राज्यों/संघ क्षेत्रों को इसके साथ संलग्न प्रोफार्मा-I से IV में सूचना भेजने का अनुरोध किया गया है।

5. उपर्युक्त दिशानिर्देश/अनुदेश सीएसटी दर 1.4.2007 से 4 प्रतिशत से कम करके 3 प्रतिशत तथा 1.6.2008 से सीएसटी दर 3 प्रतिशत से कम करके 2 प्रतिशत करने के संबंध में राज्यों को क्षतिपूर्ति के लिए है। भविष्य में, जब सीएसटी को और कम किया जाएगा और राजस्व हानि की क्षतिपूर्ति के लिए नए उपाय प्रस्तुत किए जाएंगे तो दिशानिर्देशों/अनुदेशों को नई गतिविधियों को शामिल करने के लिए राज्यों के परामर्श से समुचित रूप से परिवर्तित किया जाएगा।

6. इसके अतिरिक्त मुझे तदनुसार आवश्यक कार्रवाई करने के लिए आपसे अनुरोध करने का निदेश हुआ है।

धन्यवाद सहित।

भवदीय,

(अरविंद कुमार)
अवर सचिव, भारत सरकार
(राज्य कर अनुभाग)
दूरभाष: 011-23095376

प्रतिलिपि: अंग्रेजी पाठानुसार प्रेषित।

प्रोफार्मा-I

सीएसटी राजस्व के संयुक्त वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) का परिकलन

राज्य/संघ क्षेत्र का नाम

(करोड़ रू.)

वर्ष		सीएसटी राजस्व			वार्षिक वृद्धि दर	संयुक्त वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर)
	निवल सीएसटी राजस्व (एजी प्रमाणपत्र के अनुसार)	सीएसटी से समायोजित वैट इनपुट कर क्रेडिट, यदि कोई हो	सीएसटी से अन्य कोई समायोजन, यदि कोई हो	कुल सीएसटी राजस्व		
1	2	3	4	5=[2+3+4]	6	7
2003-04						
2004-05						
2005-06						
2006-07						

टिप्पणी:

1. कालम 2 में सूचित निवल सीएसटी राजस्व आंकड़ों के समर्थन में एजी प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया जागा। शुरूआत में एजी प्रमाणपत्र 2005-06 तक के लिए भेजा जाएगा। 2006-07 के लिए एजी प्रमाणपत्र बाद में, जब उपलब्ध हो तब प्रस्तुत किया जाए।
2. कालम 3 तथा कालम 4 में आंकड़ों के संबंध में राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत सूचना पर्याप्त होगी किन्तु एजी द्वारा तदनन्तर सत्यापन के अधीन होगा।

प्रोफार्मा-II

प्रस्तावित सीएसटी राजस्व, वास्तविक सीएसटी राजस्व तथा क्षतिपूर्ति की जाने वाली हानि का परिकलन

राज्य/संघ क्षेत्र का नाम

वर्ष:

(करोड़ रू.)

माह	2006-07 के दौरान सीएसटी राजस्व			2007-08,/2008-09/2009-10 के दौरान प्रस्तावित कुल सीएसटी राजस्व (जैसा भी मामला हो)	2007-08,/2008-09/2009-10 के दौरान सीएसटी राजस्व (जैसा भी मामला हो)			भुगतान की जाने वाली कुल सीएसटी हानि	तम्बाकू पर वैट/बिक्री कर
	निवल सीएसटी राजस्व	सीएसटी से समायोजित वैट के अन्तर्गत आईटीसी, यदि कोई हो	कुल सीएसटी राजस्व		निवल सीएसटी राजस्व	सीएसटी से समायोजित वैट के अन्तर्गत आईटीसी, यदि कोई हो	कुल सीएसटी राजस्व		
1	2	3	4 (2+3)	5	6	7	8 (6+7)	9	10
अप्रैल									
मई									
जून									
जुलाई									

अगस्त									
सितम्बर									
अक्टूबर									
नवम्बर									
दिसम्बर									
जनवरी									
फरवरी									
मार्च									
कुल									

टिप्पणी:

1. कालम 2 तथा 6 में राज्य/संघ क्षेत्र आरंभ में अनंतिम आंकड़े प्रस्तुत करेंगे जो कि बाद में एजी प्रमाणित आंकड़े के अधीन होगा।
2. कालम 5 में प्रस्तावित कुल सीएसटी राजस्व की गणना प्रोफार्मा 1 में परिकलित सीएजीआर का प्रयोग आधार वर्ष 2006-07 (कालम 4) में कुल सीएसटी राजस्व में करते हुए किया जाएगा।
3. कालम 3, 7 एवं 10 में राज्य/संघ क्षेत्र द्वारा विभागीय रिकार्ड के अनुसार भेजे गए आंकड़े पर्याप्त होंगे किन्तु तदनन्तर एजी सत्यापन के अधीन होगा।

प्रोफार्मा-III

सामग्रियों/फर्मों के संबंध में सूचना जिनके लिए **31.3.2007** को अथवा उसके बाद सीएसटी दर **4** प्रतिशत से कम लागू हैं

राज्य/संघ क्षेत्र का नाम:

क्र. सं.	31.3.2007 तक 4 प्रतिशत से कम सीएसटी दर लागू सामग्रियों तथा/ या फर्मों के नाम	कर की दर	जिस तारीख से प्रभावी है	2006-07 में संग्रहण	2007-08 में संग्रहण	टिप्पणी

वित्त सचिव/आयुक्त के हस्ताक्षर

(वैट/बिक्री कर/व्यापार कर)

टिप्पणी:

1. राज्य सरकार द्वारा भेजी गई उपर्युक्त सूचना पर्याप्त होगी किन्तु तदनन्तर एजी सत्यापन के अधीन होगा।
2. संगत सूचना/परिपत्र आदि भी प्रस्तुत करें।
3. यदि विद्यमान सीएसटी दर में कोई विचलन नहीं है तो उसका भी स्पष्ट रूप से उल्लेख करें।

प्रोफार्मा-IV

सामग्रियों/फर्मों के संबंध में सूचना जिनके लिए 1.4.2007 को अथवा उसके बाद सीएसटी दर 3 प्रतिशत से कम किया गया है

राज्य/संघ क्षेत्र का नाम:

क्र. सं.	31.3.2007 तक 4 प्रतिशत से कम सीएसटी दर लागू सामग्रियों तथा/ या फर्मों के नाम	कर की दर	जिस तारीख से प्रभावी है	2006-07 में संग्रहण	2007-08 में संग्रहण	टिप्पणी

वित्त सचिव/आयुक्त के हस्ताक्षर

(वैट/बिक्री कर/व्यापार कर)

टिप्पणी:

1. राज्य सरकार द्वारा भेजी गई उपर्युक्त सूचना पर्याप्त होगी किन्तु तदनन्तर एजी सत्यापन के अधीन होगा।
2. संगत सूचना/परिपत्र आदि भी प्रस्तुत करें।
3. यदि विद्यमान सीएसटी दर में कोई विचलन नहीं है तो उसका भी स्पष्ट रूप से उल्लेख करें।

प्रस्तावना (वैट)

1. राज्य वैट की शुरूआत राज्य स्तर पर एक महत्वपूर्ण एवं नया सुधार उपाय है। राज्य वैट ने राज्यों के पहले के बिक्री कर प्रणाली को प्रतिस्थापित किया है। वैट 'राज्य के भीतर वस्तुओं की खरीद एवं बिक्री पर कर' होने के कारण भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची की राज्य सूची की प्रविष्टि 54 के प्रभाव से एक राज्य विषय है।

2. चूंकि वैट/बिक्री कर एक राज्य विषय है, केन्द्र सरकार वैट के सफलतापूर्वक कार्यान्वयन के लिए एक सुकारक की भमिका निभा रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा इस संबंध में उठाए जा रहे कुछ कदम निम्नवत हैं:

3. वैट के प्रस्तुतीकरण के परिणामस्वरूप किसी राजस्व हानि के लिए क्षतिपूर्ति के भुगतान के लिए एक पैकेज कार्यान्वित किया गया है। राज्यों/संघ क्षेत्रों के वाणिज्यिक कर विभागों को कम्प्यूटरीकरण करने में सक्षम बनाने के उद्वेश्य से उनको मिशन मोड परियोजना (एमएमपी) के अन्तर्गत वित्तीय सहायता प्रदान किया जा रहा है। हिमांचल प्रदेश तथा जम्मू एवं कश्मीर के वाणिज्यिक कर प्रशासन के कम्प्यूटरीकरण के लिए एक अलग परियोजना भी स्वीकृत की गई है। अंतर-राज्यीय संव्यवहारों का पता लगाने के लिए टीआईएनएक्सएसआईएस परियोजना के कार्यान्वयन के लिए राज्य वित्त मंत्रियों की अधिकार प्राप्त समिति को 50 प्रतिशत निधिबंधन प्रदान किया जा रहा है।

<u>वैट क्षतिपूर्ति पर अतिरिक्त अनुदेश</u>

फा. सं. 32/67/2005-एसटी
भारत सरकार
वित्त मंत्रालय

राजस्व विभाग

नई दिल्ली, 9 जून, 2009

सेवा में,

सभी राज्य/संघ क्षेत्र सरकारों,

वित्त/कराधन विभागों के सचिव।

विषय: मूल्य वर्धित कर (वैट) के प्रस्तुतीकरण के कारण राजस्व हानि के लिए राज्यों/संघ क्षेत्रों को क्षतिपूर्ति के संबंध में अतिरिक्त अनुदेश।

महोदय/महोदया,

मुझे मूल्य वर्धित कर (वैट) के प्रस्तुतीकरण के कारण राजस्व हानि के मामले में राज्यों/संघ क्षेत्रों को क्षतिपूर्ति विषय पर फा. सं. 34/67/2005-एसटी दिनांक 19 जुलाई, 2005 द्वारा सभी राज्यों/संघ क्षेत्रों को पूर्व में परिचालित "संशोधित समेकित अनुदेश" का उल्लेख करने का निदेश हुआ है।

2. मुझे अन्य बातों के साथ-साथ विशेष रूप से पैरा-2 के उप-पैरा (घ) में दर्शाई गई प्रक्रिया का भी उल्लेख करने का निदेश हुआ है जिसमें 1 अप्रैल, 2005 से किसी अवधि के लिए किसी राज्य/संघ क्षेत्र को क्षतिपूर्ति योग्य वैट राजस्व हानि की गणना की व्यवस्था है जो सारत: पिछले प्रचलन के आधार पर प्रस्तावित राजस्व और उस अवधि में वैट राजस्व प्रदर्शन की प्रस्तुति के पश्चात निवल वास्तविक राजस्व के मध्य का अंतर होगा।

3. इसी दौरान 1 अप्रैल, 2007 से केन्द्रीय बिक्री कर (सीएसटी) को हटाने के निर्णय के परिणामस्वरूप सीएसटी क्षतिपूर्ति पर समेकित दिशानिर्देश फा. सं. 28/4/2007-एसटी दिनांक 22.8.2008 के तहत जारी किए गए। इसमें फार्म-डी प्रस्तुत करके सरकारी विभागों को अन्तर-राज्यीय बिक्री पर रियायती सीएसटी दर का लाभ वापस लेने तथा अब तक सीएसटी राजस्व दर 4 प्रतिशत से कम करके 2 प्रतिशत करने के कारण सीएसटी राजस्व हानि को समायोजित करने के लिए तम्बाकू और तम्बाकू उत्पादों पर वैट लगाने सहित कुछ राजस्व बढ़ाने के उपायों की व्यवस्था है।

4. राज्यों/संघ क्षेत्रों तथा राज्य वित्त मंत्रियों की अधिकार प्राप्त समिति (ईसी) ने तदनन्तर इस मुद्दे को उठाया कि फार्म-डी प्रस्तुत करके सरकारी विभागों को अन्तर-राज्यीय बिक्री पर रियायती सीएसटी दर के लाभ को हटाने तथा तम्बाकू और तम्बाकू उत्पादों पर वैट लगाने के कारण राज्यों/संघ क्षेत्रों को होने वाले राजस्व लाभ को वैट के प्रस्तुतीकरण तथा सीएसटी को हटाने के कारण राजस्व हानि के लिए राज्यों को देय क्षतिपूर्ति की गणना के लिए हिसाब में लिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त राज्यों/संघ क्षेत्रों द्वारा यह अनुरोध किया गया कि चूंकि इसके कारण उनकी क्षतिपूर्ति राशि में अनुचित रूप से कमी हो रही थी, वैट के प्रस्तुतीकरण तथा सीएसटी को हटाने के कारण राजस्व हानि के लिए उनको देय क्षतिपूर्ति की गणना करते समय ऐसे उपायों से राजस्व लाभ की दोहरी गणना को हटाया जाना आवश्यक था।

5. ध्यानपूर्वक विचार करने पर यह सामने आया कि किसी राज्य/संघ क्षेत्र के लिए राजस्व लाभ की ऐसी दोहरी गणना संभवतया केवल वैट और सीएसटी राजस्व हानि के लिए क्रमश: दो क्षतिपूर्ति पैकेजों, अर्थात 1.4.2007 से और राज्यों/संघ क्षेत्रों के लिए वैट क्षतिपूर्ति पैकेज की समाप्ति की तारीख तक (सामान्यतया 31.3.2008 तक), के अतिव्यापन की अवधि के लिए हो सकता है। इसके अतिरिक्त यह देखा गया कि राजस्व लाभ की ऐसी दोहरी गणना वास्तव में केवल तभी होगी यदि संबंधित राज्य/संघ क्षेत्रों ने क्रमश: दोनों क्षतिपूर्ति पैकेजों अर्थात वैट और सीएसटी राजस्व हानि के अन्तर्गत क्षतिपूर्ति के लिए पात्र राजस्व हानियों को झेला है। इसके अलावा यह पाया गया कि इन उपायों को विशेष रूप से राज्यों/संघ क्षेत्रों को सीएसटी हटाने के कारण हुई राजस्व हानि, यदि कोई हो, के लिए राज्यों/संघ क्षेत्रों को कर राजस्व के अतिरिक्त स्रोत प्रदान करके क्षतिपूर्ति करने के लिए शुरू किया गया था।

6. अतएव, विस्तृत जांच के बाद यह निर्णय लिया गया कि यदि कोई राज्य/संघ क्षेत्र वैट के प्रस्तुतीकरण तथा सीएसटी हटाने दोनों के लिए एक ही अवधि में राजस्व हानियों के लिए क्षतिपूर्ति प्राप्त करने के लिए पात्र है तो देय क्षतिपूर्ति राशि की गणना के लिए परिकलन प्रक्रिया समुचित रूप से निम्नवत तैयार की जाएगी:-

I. फार्म-डी प्रस्तुत करके सरकारी विभागों को अन्तर-राज्यीय बिक्री पर रियायती सीएसटी दर के लाभ को हटाने तथा तम्बाकू और तम्बाकू उत्पादों पर वैट लगाने के कारण राज्यों/संघ क्षेत्रों को होने वाले राजस्व लाभ को सीएसटी हटाने के कारण राजस्व हानि के लिए राज्य/संघ क्षेत्र को उस अवधि के लिए देय क्षतिपूर्ति की गणना करते समय हिसाब में लेना जारी रहेगा।

II. वैट के प्रस्तुतीकरण के कारण राजस्व हानि के लिए राज्यों/संघ क्षेत्रों को उसी अवधि के लिए देय क्षतिपूर्ति की गणना करते समय इन उपायों से हुए राजस्व लाभों की किसी दोहरी गणना के लिए उपयुक्त समायोजन किया जाए।

7. तदनुसार, उपर्युक्त उल्लिखित निर्णय के आलोक में वैट क्षतिपूर्ति पर फा. सं. 34/67/2005-एसटी दिनांक 19.7.2005 के तहत परिचालित "संशोधित समेकित अनुदेश" के पृष्ठ 2 के पैरा 2 में वास्तविक राजस्व के परिकलन के लिए प्रक्रिया के विस्तार के लिए पूर्व उप-पैरा (घ) के बाद तथा उप-पैरा (ङ) के पहले एक नया उप-पैरा (घघ) निम्नवत शामिल किया जाना है-

" (घघ) यदि कोई राज्य/संघ क्षेत्र वैट के प्रस्तुतीकरण तथा सीएसटी हटाने दोनों के लिए एक ही अवधि में राजस्व हानियों के लिए क्षतिपूर्ति प्राप्त करने के लिए पात्र है तो उस राज्य/संघ क्षेत्र को उस अवधि के लिए निवल राजस्व का परिकलन फार्म-डी प्रस्तुत करके सरकारी विभागों को अन्तर-राज्यीय बिक्री पर रियायती सीएसटी दर के लाभ को हटाने से होने वाले अनुमानित वैट राजस्व की राशि तथा इसके अतिरिक्त तम्बाकू और तम्बाकू उत्पादों पर वैट लगाने से प्राप्त राजस्व की वास्तविक राशि से उस अवधि के लिए वास्तविक वैट राजस्व को कम करके किया जाएगा, बशर्ते कि उसी अवधि के लिए उनके सीएसटी क्षतिपूर्ति दावे से उतनी राशि समायोजित किया गया है। ऐसे मामलों में उस राज्य/संघ क्षेत्र को क्षतिपूर्ति योग्य वैट राजस्व हानि की राशि उस अवधि के लिए प्रस्तावित राजस्व तथा निवल वैट राजस्व के बीच के अंतर की राशि होगी।

8. यह आपके सूचनार्थ है।

धन्यवाद सहित।

भवदीय,

(अरविंद कुमार)

अवर सचिव, भारत सरकार